अति तत्काल

कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक, उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-10

सं. 0746/पत्रिका/2015 दिनांक - 14.05.2015

सेवा में,

सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक
प्रधान लेखा नियंत्रक (फै.) कोलकाता
(वैबसाइट के माध्यम से)

विषय : केन्द्र सरकार के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा वर्ष 2014-15 में प्रकाशित उत्कृष्ट लेखों के लेखकों हेतु राजभाषा गौरव पुरस्कार योजना।

रक्षा मंत्रालय के दिनांक 30.04.2015 के पत्र सं. ई.11014/1/2015-हिंदी के अंतर्गत प्राप्त गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग का दिनांक 13 अप्रैल, 2015 का कार्यालय ज्ञापन सं. 11014/18/2015-राभा (प) अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रेषित किया जाता है। मूल प्रति राजभाषा विभाग की वैबसाइट से भी डाउनलोड की जा सकती है। अनुरोध है कि आपके संगठन में वर्ष 2014-15 में प्रकाशित उत्कृष्ट लेखों की प्रतियाँ एवं संबंधित सूचना संलग्न निर्धारित प्रपत्र में भरकर यथाशीघ्र इस मुख्यालय कार्यालय को भिजवा दें। राजभाषा विभाग में प्रविष्टियाँ प्राप्त होने की अंतिम तारीख 30.05.2015 है।

(दिलीप कुमार)
हिन्दी अधिकारी

सं 11014/18/2015-राभा (प)
गृह मंत्रालय,
राजभाषा विभाग
(पत्रिका एकक)

***

एन डी सी सी - || भवन, चौथा तल, बी विंग'
जय सिंह रोड, नई दिल्ली - 110001
दिनांक 13 अप्रैल, 2015

कार्यालय ज्ञापन

विषयः- केंद्र सरकार के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा पत्र-पत्रिकाओं में वर्ष 2014-15 में प्रकाशित उत्कृष्ट लेखों के लेखकों हेतु राजभाषा गौरव पुरस्कार योजना।

केंद्र की नीति के अनुसार सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का प्रयोग प्रेरणा, प्रोत्साहन एवं सद्भावना से बढ़ाया जाना है | इस परिप्रेक्ष्य में विभाग द्वारा अनेक प्रोत्साहन योजनाएं लागू की गई हैं | विभाग की प्रमुख योजनाओं के तहत हिंदी दिवस समारोह के अवसर पर पुरस्कार दिए जाते हैं | राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिनांक 25 मार्च, 2015, के संकल्प सं. 11034/48/2014 रा.भा. (नीति) के अनुपालन में केंद्र सरकार के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित उत्कृष्ट लेखों के लेखकों हेतु राजभाषा गौरव पुरस्कार योजना लागू की गई है।

2 **योजना का उद्देश्य**

केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/उपक्रमों/बैंकों आदि द्वारा राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रचार-प्रसार के लिए आवधिक हिंदी पत्रिकाएं प्रकाशित की जा रही हैं। केंद्र सरकार के कार्मिकों द्वारा पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित उत्कृष्ट लेखों के लेखकों हेतु पुरस्कार दिए जाते हैं ताकि राजभाषा में लेख लिखने वाले कार्मिकों को प्रोत्साहित किया जा सके और कार्मिकों को अच्छे लेख पत्रिकाओं में पढ़ने के लिए उपलब्ध हो सकें।

3 पात्रता

(क) केंद्र सरकार के कार्यरत अथवा सेवानिवृत्त कार्मिक।

(ख) उक्त लेख विभागीय अथवा किसी भी पत्र-पत्रिकाओं में वित्तीय वर्ष 2014-15 में प्रकाशित होने चाहिए।

(ग) हिंदी भाषी लेखक उन अधिकारियों/कर्मचारियों को माना जाएगा जिनका घोषित निवास स्थान 'क' या 'ख' भाषाई क्षेत्र में स्थित हो।

(घ) हिंदीतर भाषी लेखक उन अधिकारियों/कर्मचारियों को माना जाएगा जिनका घोषित निवास स्थान 'ग' क्षेत्र में स्थित हो।

4 **पुरस्कार**

भाग लेने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रति वर्ष वित्तीय वर्ष के आधार पर निम्नलिखित नकद पुरस्कार राजभाषा विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर दिए जाते हैः-

हिंदी भाषी

प्रथम पुरस्कार	-	20,000/-रू0
द्वितीय पुरस्कार	-	18,000/-रू0
तृतीय पुरस्कार	-	15,000/-रू0

हिंदीतर भाषी

प्रथम पुरस्कार	-	25,000/-रू0
द्वितीय पुरस्कार	-	22,000/-रू0
तृतीय पुरस्कार	-	20,000/-रू0

5 **मूल्यांकन प्रक्रिया**

प्रत्येक मंत्रालय/विभाग अपने स्तर पर तीन-तीन लेखों का चयन करेगा | इस चयन के लिए हिन्दी प्रभारी संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में समिति का गठन किया जाएगा | मंत्रालय/विभाग इन चयनित लेखों को **अनुलग्नक 'क'** में दिए गए प्रपत्र में विवरण सहित राजभाषा विभाग को भेजेंगे | राजभाषा विभाग मंत्रालयों/विभागों से प्राप्त लेखों का मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा करवा कर हिंदी व हिंदीतर भाषियों के लिए तीन-तीन पुरस्कारों का चयन करेगा।

6 पुरस्कार जीतने के बारे में संबंधित अधिकारी/कर्मचारी की सेवा विवरणी में भी समुचित उल्लेख कर दिया जाएगा।

7 मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि वर्ष 2014-15 में छपे लेखों में से, पैरा 5 में दी गई चयन मूल्यांकन प्रक्रिया द्वारा चयनित लेख, 31 मई 2015 तक राजभाषा विभाग को प्रेषित करने का कष्ट करें।

8 समस्त मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि वे इस योजना का अपने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों में तथा सभी संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों को व्यापक तौर पर प्रचार-प्रसार करें |

हरिन्द्र 13/4/2015

(हरिन्द्र कुमार)
निदेशक (कार्यान्वयन)
011-23438129

(अनुलग्नक 'क')

नाम	पदनाम	श्रेणी (हिंदी भाषी/ हिंदीतर भाषी)	कार्यालय का पता	लेख का विषय	पत्रिका का नाम	पत्रिका का अंक	संपर्क सूत्र: फोन, मोबाइल, ई मेल आदि

कार्यालय प्रमुख के हस्ताक्षर
कार्यालय का नाम